सर्व ब्राह्मण महिला मण्डल ने मां नर्मदा को चढ़ाई चुनरी

बड़वाह.. नर्मदा जयंती महोत्सव को लेकर मां नर्मदा के तटों पर भक्ति और उल्लास का माहौल है। सभी प्रमुख नर्मदा तटों पर मां की पूजा अर्चना,अनुष्ठान और दान व भंडारे चल रहे है। इसी तरह मंगलवार को बड़वाह सर्व ब्राह्मण महिला मण्डल अपनी आस्था और भक्ति प्रदर्शित करते हुए मां नर्मदा को चुनरी अर्पित कर क्षेत्र की सुख समृद्धि के कामना की।

सुबह 11 बजे सर्व ब्राह्मण महिला मण्डल अध्यक्ष किरण ब्रजेन्द्र जोशी समाज की महिला टीम के साथ नर्मदा तट पर पहुंचे। पंडित संतोष शर्मा ने विधि विधान से माँ नर्मदा जी का पूजन-अर्चन के बाद आरती की गई।इसके बाद 551 मीटर चुनरी माँ नर्मदा जी की अर्पित की। महिला मण्डल दो नाव में सवार होकर नर्मदा के उत्तर तट से दक्षिण तट पर माँ नर्मदा जी को चुनरी अर्पित की।

इस अवसर पर सचिव अर्चना कोठारी,रश्मि शर्मा,नीता शर्मा,लता शुक्ला,भारती चोरे,तनु ,संध्या चोरे,अर्चना आरस ,कविता शुक्ला,कांति शर्मा सहित महिला मण्डल ने नर्मदा तट पर भजन गा कर ढोलक पर त्रय किया।

ग्राम पंचायत धरगांव में 'तेज रफ्तार' कार का बेकाबू कहर

दुकान के बाहर खड़े हार्डवेयर व्यापारी को रौंदा, अस्पताल में तोड़ा दम

महेश्वर(इन्दौर समाचार सुनिल गाडगे) तहसील के ग्राम पंचायत धरगांव में सुबह उस वक्त चीख-पुकार और मातम पसर गया, जब एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे खड़े लोगों के लिए काल का रूप ले लिया। सुलगांव फाटे पर स्थित यशराज कॉलोनी के सामने सोमवार सुबह करीब 9 बजे यह हृदय विदारक घटना हुई। अपनी दुकान के बाहर खड़े होकर सब्जी वाले से मिर्ची खरीद रहे हार्डवेयर व्यापारी को तेज रफ्तार कार ने इस कदर टक्कर मारी कि वे हवा में उछलकर दूर तक उछल गए । हादसे के बाद चालक कार को भगाने के प्रयास में एक नीम के पेड़ से जा टकराई जिससे गाड़ी भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धरगांव निवासी हार्डवेयर व्यापारी मुन्नालाल पिता अनुप चन्द्र कर्मा (60 वर्ष) अपनी दुकान के बाहर खड़े थे। वे रोजमर्रा की तरह एक सब्जी विक्रेता से लाल मिर्ची का भाव पूछ रहे थे और खरीददारी कर रहे थे। इसी दौरान बड़वाह की ओर से आ रही धरगांव की ही कार क्रमांक स्क्क09 ष्टस्न 9967 के चालक कैलाश मंडलोई (दरबार) ने लापरवाही की सारी हदें पार कर दीं। कार की गति इतनी भीषण थी कि मुन्नालाल कर्मा को बचने का मौका भी नहीं मिला। टक्कर के बाद व्यापारी सड़क पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े।

व्यापारी को रौंदने के बाद कार समीप के एक गैरेज की ओर मुड़ गई। वहां अपनी मोटरसाइकिल का काम करवा रहे शांतिलाल पिता रेवा जी पाटीदार (52 वर्ष) निवासी झापड़ी धरगांव भी इसकी चपेट में आ गए। शांतिलाल ने बताया, ÷मैं गैरेज पर खड़ा होकर बाइक का काम करवा रहा था, तभी एक सफेद रंग की कार आंधी की तरह आई और मुझे टक्कर मार दी।÷ शांतिलाल का एक पैर बुरी तरह फैक्चर हो गया है, जिन्हें तत्काल धामनोद के कमला बेन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इसी दौरान सड़क के समीप खड़े शुभम सोलंकी और उनकी 5 वर्षीय मासूम बच्ची भी कार की साइड लगने से गिरकर घायल हुए, हालांकि उन्हें मामूली चोटें आई हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घटना को अंजाम देने के बाद कार 500 मीटर दूर पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई।हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जो चालक की घोर लापरवाही बयां कर रहा है। टक्कर मारने के बाद चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर घटनास्थल से करीब 500 मीटर दूर एक नीम के पेड़ में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा व इंजन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । वही मौका पाकर कार चालक कैलाश मंडलोई वाहन छोड़कर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि गाड़ी ग्राम धरगांव के ही योगेंद्र मंडलोई की है।

मंडलेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मेडिकल ऑफिसर डॉ. किरण वर्मा ने बताया कि सुबह करीब 9÷30 बजे दुर्घटना के घायलों को लाया गया था। मुन्नालाल कर्मा की स्थिति अत्यंत गंभीर थी, उनके शरीर में अंदरूनी चोटें और कई गंभीर फैक्चर थे। डॉक्टरों की टीम ने उन्हें बचाने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। वही दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर व एक गम्भीर घायल जिनका पैर फैक्चर हो गया था उनको उनके परिजन उपचार हेतु धामनोद लेकर गए है। पुलिस ने मृतक मुन्नालाल कर्मा के शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामले में मर्ग कायम कर वाहन को कब्जे में ले लिया है। सीसीटीवी फुटेज को विवेचना का आधार बनाया गया है। फरार चालक कैलाश दरबार की तलाश की जा रही है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि दुर्घटना के वक्त चालक की स्थिति क्या थी।

7 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बॉलीवुड अभिनेता गोविंद नामदेव से भेंट की

गोविंद नामदेव ने समाजजनों को सामूहिक विवाह परिचय सम्मेलन मे किया आमंत्रित

महेश्वर। मां अहिल्या की नगरी महेश्वर का सौंदर्य एवं स्नेहिल वातावरण सदैव फिल्म निर्माताओं को आकर्षित करता रहा है एवं अब तक सैकड़ों फिल्मों की यहां शूटिंग हो चुकी है । इसी तारतम्य में समीपस्थ ग्राम मेहतवाड़ा में एक निर्माणाधीन फिल्म खाकी पेंट नीली शर्टफ्र की शूटिंग चल रही है । जिसमें जिमी शेरगिल, पूजा गौर, गोविंद नामदेव जैसे बड़े कलाकार यहां आए हुए है ।

फिल्म के सेट पर गोविंद नामदेव से अनौपचारिक भेंट नामदेव समाज सामूहिक विवाह एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन के मुख्य सलाहकार विजय नामदेव (लठिया), अध्यक्ष नरेंद्र नामदेव (लाला) सहित नारायण नामदेव, सचिन नामदेव, विपिन नामदेव, प्रिया नामदेव, बरखा नामदेव 7 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने उनसे बेहद आत्मीय एवं भावपूर्ण माहौल में अनौपचारिक भेंट कर उन्हें शाल श्रीफल पुष्पहार से स्वागत करते हुए आगामी 06 फरवरी 2026 शुक्रवार को कसरावद में श्री नामदेव समाज सामुहिक विवाह आयोजन एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन की जानकारी देते हुए उन्हें सविनय आमंत्रित किया साथ ही उन्हें महेश्वर के अहिल्या घाट एवं अहिल्या छतरी का सुंदर छायाचित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया गया ।

फिल्म अभिनेता गोविंद नामदेव ने क्षेत्र में सामाजिक कार्यो से प्रसन्नता ओर संतुष्टि व्यक्त करते हुए बाकायदा उक्त आयोजन हेतु एक वीडियो आमंत्रण भी रिकॉर्ड करवाया । सचिन नामदेव इटावदी के प्रयासों से यह आधे घंटे की आत्मीय बैठक आयोजित हुई जबकि संचालन एवं आभार प्रदर्शन विजय नामदेव ने किया ।

संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत काकरिया में शिविर का हुआ आयोजन

महेश्वर। मध्य प्रदेश शासन द्वारा संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत 12 जनवरी से 31 मार्च तक चलने वाले शिविर का जगह-जगह ग्राम पंचायतो में आयोजन हो रहा है। इसी तारतम्य में मंगलवार को ग्राम पंचायत कांकरिया में शिविर का आयोजन हुआ।

शिविर में ग्रामीण जनों की विभिन्न समस्याओं को सुना गया जिसके अंतर्गत वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री आवास, राशन कार्ड, कृत्रिम अंग सहायक उपकरण, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता, किसान क्रेडिट कार्ड, नक्शा शुद्धिकरण, किसान सम्मन निधि, सीमांकन प्रकरण,लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित करीब 106 विभिन्न समस्याओं के आवेदन लिए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत सरपंच मुकेश सिंगारे द्वारा किया गया। मंच पर दिनेश गंगाराम, शेखर पाटीदार, ओमप्रकाश पाटीदार,कान्हा भील,श्रीराम हिरवे मंचासीन रहे। मंच से विभिन्न विभागों द्वारा अपने अपने विभाग की हितग्राही मूलक योजनाएं बताई गई। इस दौरान महिला बाल विकास से उर्मिला सेन,पंचायत मोबाइलाइजर रीना चौबे, उद्यानिकी विभाग से बी एस डाबर, आदिम जाति विभाग से एस आर ठाकुर, कृषि विभाग से अर्जुन सिंह, राजस्व विभाग से पटवारी मालती मालीवाड़,स्वास्थ्य विभाग से योगेंद्र पटेल,आशा कार्यकर्ता निशा ओसारी, सचिव मगन मकवाने,सेल्समेन शेखर पाटीदार, तबरेज खेसगी, डॉ एल एस चौहान आदि मौजूद रहे।

क्षत्रिय सिरवी समाज सुरपाला द्वारा कुलदेवी माँ आईजी का माही बीज पर्व मनाया गया

बड़वाह-माही बीज पर ग्राम सुरपाला में माँ आईजी की भव्य रथ (डोला) यात्रा, श्रद्धा व उल्लास के साथ संपन्न माही बीज के पावन अवसर पर ग्राम सुरपाला में सिरवी समाज की कुलदेवी माँ आईजी की भव्य रथ (डोला) यात्रा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के वातावरण में निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में समाज के बच्चों, महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई और कार्यक्रम को सफल बनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम माँ आईजी के बडेर पर विधिवत पूजा-अर्चना से हुआ। इसके पश्चात माताजी की मूर्ति, गादी एवं अखंड ज्योत पर माल्यार्पण कर शाम 5 बजे मंदिर प्रांगण से डोला यात्रा का शुभारंभ किया गया।

पारंपरिक ढोल-नगाड़ों एवं साउंड के मधुर स्वर के साथ रथ यात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई। यात्रा के दौरान समाजजनों ने माताजी के जयकारे लगाए, पुष्पवर्षा की तथा नृत्य करते हुए आनंदोल्लास के साथ सहभागिता निभाई।

रथ यात्रा का समापन आतिशबाजी के साथ माताजी के मंदिर में हुआ। तत्पश्चात माताजी की महाआरती संपन्न हुई, प्रसाद वितरण किया गया एवं भंडारे का शुभारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

डोला समिति के प्रमुख श्री दीपक अकलेचा ने कहा कि बीज पर्व हमारी आस्था, एकता एवं सामाजिक परंपराओं का प्रतीक है।

इस अवसर पर श्री विशाल चोयल, राजनीतिक सचिव, खरगोन (अखिल भारतीय सिरवी महासभा, युवा संगठन) ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माही बीज के अवसर पर रथ यात्रा का आयोजन किया गया। यह दिन समस्त सिरवी समाज के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि विक्रम संवत 1557 में माघ सुदी बीज के दिन कुलदेवी माँ आईजी ने माधव जी के सुपुत्र श्री गोयन्द दास जी को आई पंथ का प्रथम दीवान नियुक्त किया था। तभी से इस पावन दिन को समस्त सिरवी समाज द्वारा महापर्व के रूप में मनाया जाता है।

रामेश्वर जी हम्मड़,जिला उपाध्यक्ष खरगोन (अ.भा.सिरवी महासभा) ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारा,सद्भाव व संस्कारों का संचार होता हे इस तरह के धार्मिक आयोजनों से समाज बंधुओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता हे भादर जी बर्फ़ी ग्राम अध्यक्ष सिरवी समाज सुरपाला ने कहा समस्त समाज बंधुओं ने तन, मन और धन से सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया, इसके लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

पशु क्रूरता अधिनियम के तहत की पुलिस विभाग ने करवाई

महेश्वर। सोमवार को दोपहर करीबन 02 बजे विजय स्तम्भ चौराहे के धामनोद मण्डलेश्वर रोड पर मण्डलेश्वर तरफ से एक महहन रंग की आयसर वाहन क्रमांक स्क्क 11 त 0291 में पशु (मवेशी) ठूस ठूस कर क्करूता पूर्वक भरकर ले जाए जा रहे थे। बजरंग दल के बादल ने ले जाते हुए देखा तो और राजा ने आईसर का मोटर साईकिल से पीछा किया तो आईसर चालक ने उसकी आईसर को राजस्थान स्वीटस के सामने से जलकोटी रोड तरफ मोड लिया और जलकोटी रोड से होते हुए अपने वाहन को निर्माणाधीन पानी की टंकी से होते हुए टर्न से मोडकर धामनोद तरफ जा रहा था तभी बादल और राजा ने उक्त वाहन को रोका और वाहन चालक का नाम पता पुछते उसने अपना नाम किशोर पिता जगन्नाथ चौहान जाति राजपुत निवासी ग्राम सुन्द्रेल थाना धामनोद का होना बताया। आयसर वाहन में पीछे डाले पर चढकर देखा तो आयसर वाहन में कुल 10 बैल कुरता पूर्वक ठूस ठूस कर भरे हुए थे। आयसर वाहन चालक से बैलो के संबंध में कागजात के बारे में पुछताछ करते कोई कागजात नही होना बताया फिर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कार्तिक सोलंकी को फोन करके बुलाया। आयसर वाहन को मय मवेशियों के थाने पर लाकर सूचना दी। उक्त अपराध पर पुलिस द्वारा धारा 11 (1घ) पशु कुरता अधिनियम के तहत अपराध पंजीबध्द किया गया है।

एनीमिया मुक्त भारत को लेकर स्वास्थ्य विभाग की बैठक संपन्न

महेश्वर। (इन्दौर समाचार सुनिल गाडगे)। एनीमिया मुक्त भारत कन्वर्जेंस मीटिंग एवं कुष्ठ रोगी खोज अभियान ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक जनपद पंचायत के अहिल्या सभागृह में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पूर्वा मंडलोई एवं जनपद पंचायत प्रभारी अपर कलेक्टर लोकेश छपरा की उपस्थिति में संपन्न हुई। बीएमओ डॉ अतुल गौड़ ने बताया कि एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र पर टीकाकरण दिवस के दिन सप्लीमेंट्री आयरन सिरप पिलाई जाती है तथा स्कूलों में 5 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को आयरन की गोली प्रति सप्ताह दी जा रही है । बच्चों को जागरूक कर बच्चों को खिलाए जाने के संबंध में शिक्षा विभाग एवं आंगनवाड़ी विभाग से सहयोग की अपील की है। 30 जनवरी को एंटी लेप्रोसी दिवस महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कुष्ठ स्पर्श अभियान की जानकारी देते हुए बीईई के एन शुक्ला ने बताया कि 30 जनवरी से 13 फरवरी तक कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाकर चर्म रोगियों में कुष्ठ रोगियों की जांच की जाएगी,तथा 11 फरवरी से 5 मार्च तक कुष्ठ रोगी खोज अभियान के अंतर्गत ब्लॉक के समस्त ग्रामों में कुष्ठ रोगी खोजी दल के द्वारा घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान कर निशुल्क उपचार दिया जाएगा। संभावित कुष्ठ रोगी के लक्षण बताते हुए शुक्ला ने जानकारी दी कि शरीर पर चमड़ी से अलग रंग लिए कोई भी तेलिया, तामिया, चिकना दाग जो सुन्नपन लिए हो जिसमें पसीना नहीं आता हो और वहां पर बाल नहीं उगते हो ,कान एवं नाक की पिन्नी मोटी हो गई हो, हाथ पैरों में झुनझुनी आ रही हो तो ऐसे लक्षण पाए जाने पर व्यक्ति को निकट के अस्पताल से अवश्य संपर्क करना चाहिए। कुष्ठ रोग साध्य है इसका उपचार शासकीय अस्पताल में निशुल्क दिया जाता है। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा,महिला एवं बाल विकास ,नगर परिषद मंडलेश्वर महेश्वर, उद्यानिकी विभाग,जनपद पंचायत ,पीएचई विभाग के अधिकारियों के साथ बीपीएम एस एस चौहान, मलेरिया निरीक्षक रविंद्र पालनपुरे, एस पी मंडलोई आदि उपस्थित थे।

15 फरवरी से बलवाड़ा से धनगांव तक हाईवे मार्ग पर आवागमन होगा शुरू

खरगोन जिले के बड़वाह स्थित इंदौर इच्छपुर हाइवे पर भारी वाहनों के आवागमन से जनता परेशान है। आए दिन होने वाली वाहन दुर्घटनाओं से वाहन चालकों के जहन में अब भय बना हुआ है। जबकि क्षेत्रवासियों को अब नर्मदा पर बने रहे नए सिक्सलेन पुल पर से अवागमन शुरू होने का इंतजार है ।लेकिन अब यह इंतजार खत्म होता नजर आ रहा है ।

ऐसा इसलिए क्योंकि अब नर्मदा पर बने रहे नए सिक्सलेन पुल की तारीख तय हो चुकी है। एनएचआई के प्रबंधक के कहे अनुसार यह पुल 15 फरवरी तक पूर्ण कर पुल पर से आवगमन शुरू कर दिया जाएगा।फिलहाल एक ही साइड की लेन से आवागमन शुरू होगा।जिससे न सिर्फ वाहन चालकों बल्कि आम जनता को भी पुराने मोरटक्का पुल पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी।आपको बतादें की मंगलवार दोपहर अपने निरीक्षण के दौरान एन एच आई के प्रोजेक्ट मैनेजर(खंडवा) आशुतोष सोनी ने नर्मदा पर बनने वाले नवीन पुल का निरीक्षण किया।उन्होंने बताया कि पुल पर एक लेन का कार्य पूर्ण हो चुका है।जिससे आवागमन शुरू किया जा सकता है कुछ छोटे कार्य अभी भी बाकी है।जिसे जल्द पूरा किया जा रहा है।जल्द ही इस कार्य को पूर्ण कर 15 फरवरी महाशिवरात्रि से पुल पर आवागमन शुरू किया जा सकता है ।साथ ही जल्द ही आगामी कुछ माह में बलवाड़ा से लेकर धनगांव तक के सभी हाइवे मार्ग के सर्विस रोड को भी शुरू करने की योजना है।ताकि जहां छोटे पुल पुलिया का निर्माण अधूरा है,उन स्थानों पर सर्विस रोड से वाहनों को निकालने की व्यवस्था की जाएगी। जिससे सर्विस रोड से गाड़िया सीधे बलवाड़ा से धनगांव तक निकल सकेगी।इससे वाहन चालकों को समय कम लगेगा और बढ़ते जाम से भी निजात मिलेगी।इस पूरे मार्ग के उपयोग में अभी टोल शुरू नहीं किया जाएगा। पुल से भारी और हल्के दोनों वाहन निकाले जा सकेंगे।लेकिन अभी लोड टेस्टिंग किया जाना है।जो 15 फरवरी के पहले पूर्ण कर लिया जाएगा ।

न्यायालय-विवेक कुमार वंदेल, नवम् सदस्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, इंदौर (म.प्र.)

जावक- 90/26 इंदौर, दिनांक 19.01.2026

क्लेम प्रकरण क्रमांक-3502/2023 सुनवाई दिनांक-16.02.2026

रीना व अन्य... प्रार्थी विरूद्ध यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेंश कं. लि. व अन्य प्रतिप्रार्थीगण

प्रेषिती-अनावेदक क्रमांक 4, धारासिंह पिता लालसिंह सिगाडे, पता-ग्राम सिरलाय काटकुट काटा बडवाह जिला खरगोन म.प्र., वाहन मोटरसाईकिल क. एम.पी. 10 जेडए. 5118 का चालक, 05. सतीश पिता बच्चू सिंह सोलंकी वाहन मोटरसाईकिल कमांक एम.पी. 10 जेडए. 5118 का पंजीकृत स्वामी, पता-ग्राम- ग्राम सिरलाय काटकूट काटा बडवाह जिला खरगोन म.प्र.

यह कि अपीलार्थीगण ने आपके विरूद्ध उपरोक्त क्लेम सिविल वाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के सिविल वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन / सूचित किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस क्लेम प्रकरण में संबंधित सभी साक्ष्यान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके शक्ति में है पेश करे जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई आधारित हो. और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करे। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उक्त बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो क्लेम प्रकरण की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 19.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया।

नवम् सदस्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण इन्दौर (म.प्र)

कृपया ध्यान दें- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।